## संक्षिप्त

### अवैध बजरी से भरा हुआ एक ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त

**निवाई।** बरोनी थाना पुलिस ने अवैध बजरी से भरा हुआ एक ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त किया है। थानाधिकारी मानवेन्द्र सिंह ने बताया कि पुलिस गश्त के दौरान गांव जामडोली के समीप से अवैध बजरी से भरे हुए एक ट्रक्टर-ट्रॉली को जब्त करके सुरक्षार्थ बरोनी थाना प्ररिसर में खड़ा करवा दिया है। उन्होंने बताया कि जब्त ट्रैक्टर-ट्रॉली के बारे में खनिज विभाग को सूचना दे दी है।

### विद्यालय में संविधान दिवस मनाया

**सावरदा ।** मौजमाबाद पंचायत समिति के अखैपुरा ग्राम पंचायत क्षेत्र के महेशपुरा में स्थित राजकीय प्रवेशिका संस्कृत विद्यालय म सोमवार कों संविधान दिवस मनाया गया। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रभारी विजय लाल चलावरिया ने संविधान की महत्ता ,विशेषता प्रतिपादित की तथा विद्यार्थियों के समक्ष संविधान की प्रस्तावना की शपथ दिलाई गई , तथा संविधान का महत्व बच्चों को बताया। इस अवसर पर संस्था प्रधान राजेंद्र कुमार धोबी, शिक्षक राजेंद्र कुमार शर्मा, समुद्रपुरी गोस्वामी ,विजय लाल चलावारिया, राजेंद्र कुमावत ,आंगनवाड़ी कार्यकर्ता ब्रह्मा देवी व सहायिका भी उपस्थित रही ।अंत में संस्था प्रधान ने सबका आभार व्यक्त कर धन्यवाद ज्ञापन किया तथा संविधान की गरिमा रखना बनाए रखने के लिए बच्चों को प्रेरित किया। गोष्टी को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष हरिप्रसाद बैरवा ने स्वतंत्रता आंदोलन में शहिद क्रांतिकारीयो और डॉ. भीमराव अंबेडकर को नमन करते हुए कहा कि कहा कि संविधान देश के प्रत्येक नागरिक को मान सम्मान अधिकारों को संरक्षित करता है, समानता न्याय स्वतंत्रता जैसे मूल्यों के साथ देश में रहना सीखना है। उन्होंने कहा कि देश की एकता अखंडता और समानता का प्रतीक संविधान है, ये करोड़ों भारतीयों का सुरक्षा कवच है, जो उन्हें हर तरह के अधिकार देता है। संगोष्ठी को संगठन महासचिव जिला दिनेश चौरसिया ने कहा कि हमारा संविधान संघर्ष और अस्तित्व की पहचान है। इस अवसर पर शिवजी राम मीणा, रामलाल संडीला ब्लॉक अध्यक्ष, कैलाशी देवी मीणा, सलीमुद्दीन खान, धर्मेंद्र सालोदिया, सीपी श्रीवास्तव, अब्दुल खालिक, सेवादल, मनिंदर बैरवा, मूलचंद बैरवा आदि लोगोंइस अवसर पर अपने विचार रखें।

### शादी में एक रुपया व नारियल लेकर मिसाल कायम की

**शाहपुरा।** शाहपुरा शहर के छापुड़ा खुर्द की ढाणी कांकड़ा वाली में राम सिंह टोकस ने अपने बच्चों की शादी में एक रुपया व नारियल लेकर लेकर समाज में एक मिसाल पेश की। शादी में लड़की पक्ष वाले सीताराम, प्रहलाद बोबासया ने बारात की बहुत अच्छे से खातिर कर स्वागत किया।

### भामाशाह सम्मान समारोह होगा लावा में

**पीपलू।** जांगिड़ ब्राह्मण समाज का अतिथि व भामाशाह सम्मान समारोह रविवार को जंगजितेश्वर महादेव मंदिर पार्क लावा मे आयोजित होगा। जिला मिडिया प्रभारी कृष्णकुमार जांगिड़ पीपलू व मनीष बहकवा ने बताया कि लावा में श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर के जीर्णोद्धार मे सहयोग दे रहे भामाशाहों का सम्मान समारोह बड़ी धूमधाम से किया जाएगा।मंगलवार को मन्दिर समिति के कार्यकर्ता रानोली पहुंचकर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधि प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष व पीपलू तहसील अध्यक्ष एडवोकेट हनुमानप्रसाद जांगिङ, कार्यकारी जिलाध्यक्ष महेश जांगिड को कार्यकारणी के साथ कार्यक्रम में भाग लेकर सफल बनाने को लेकर आमंत्रित किया। इस दौरान मन्दिर समिति अध्यक्ष अवधेश, कोषाध्यक्ष गौरीशंकर, महामन्त्री सत्यनारायण, सुमित शर्मा, राकेश व लोकेश सहित कई समाज बंधु मौजूद थे।

### संविधान दिवस मनाया

**चाकसू।** राजकीय महाविद्यालय चाकसू में सोमवार को संविधान दिवस मनाया गया जिसके अंतर्गत प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम, संविधान की प्रस्तावना शपथ एवं निबन्ध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । कार्यक्रम का संचालन प्राचार्य डॉ. सुनीता मीना की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ जिसका संचालन डॉ. मोहन लाल दायमा, श्री गोकुल चन्द मीना ने क्रिया तथा सभी संकाय सदस्य उपस्थित रहे।

# भारतीय संविधान हमें केवल सशक्त नहीं बल्कि जागरुक बनाता है : कलेक्टर

**खैरथल।** खैरथल तिजारा जिला मुख्यालय पर पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय में मंगलवार को संविधान दिवस के अवसर पर प्रदर्शनी संगोष्ठी प्रश्नोत्तरी सहित अनेक कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला कलेक्टर किशोर कुमार सहित अतिथियों की ओर से दीप प्रज्वलित कर व डॉ भीमराव अंबेडकर के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया।

■ संविधान दिवस के उपलक्ष्य में संगोष्ठी और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



संविधान दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में संबोधित करते जिला कलेक्टर किशोर कुमार

इस अवसर पर जिला कलेक्टर ने भारतीय संविधान को राष्ट्र की आत्मा बताते हुए कहा कि संविधान प्रत्येक देशवासी को सशक्त बनाने के साथ-साथ जागरूक भी करता है। भारतीय संविधान पर विस्तृत प्रकाश डाला और किस तरह संविधान सभा द्वारा संविधान तैयार किया गया।

संविधान की विशेषताओं और उद्देश्य को जिला कलेक्टर ने रेखांकित करते हुए आ ान किया कि प्रत्येक देशवासी को भारतीय संविधान के प्रति जागरूक रहना चाहिए। उन्होंने कहा हस्तलिखित संविधान होने के साथ-साथ कठोर और लचीला भी है। इसमें सभी वर्गों और धर्मों का समावेश करते हुए सभी का प्रतिनिधित्व सुनिश्चित किया गया है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रतनलाल भार्गव ने कहा कि भारतीय स्वतंत्रता के पश्चात संविधान सभा द्वारा संविधान तैयार करने की कार्यवाही शुरू की गई। इसमें सभी वर्गों का प्रतिनिधित्व लिया गया। सभी की भावनाओं का ध्यान रखते हुए संविधान तैयार किया गया है। उन्होंने आव्हान किया कि भारतीय संविधान में दर्शाये गये अधिकारों के साथ-साथ कर्तव्यों के प्रति जागरूक रहे तथा मूल कर्तव्यों को अपने जीवन में अपनाएं ।

एडीएम शिवपाल जाट ने सभी को संविधान दिवस की शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए बताया कि किस तरह भारतीय संविधान हमें सशक्त बनाता है। संविधान में जिन अनुच्छेदों और सूचियों का उल्लेख किया गया है, वह प्रत्येक देशवासी के जीवन में उपयोगी है। शिक्षा के साथ-साथ रोजगार प्राप्ति और जीवनयापन में भी भारतीय संविधान की महत्ता और उपयोगिता सदैव बनी रहेगी। इस दौरान संगोष्ठी और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता भी हुई। संगोष्ठी में वरिष्ठ अध्यापक अभिषेक कौशिक एवं विद्यार्थी सुश्री खुशबू द्वारा भारतीय संविधान पर आधारित संबोधन दिया गया। भारतीय संविधान पर आधारित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता भी करवाई गई, जिसमें पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। भारतीय संविधान की उद्देशिका के पाठन एवं राष्ट्रगान से कार्यक्रम का समापन हुआ। मंच का संचालन वरिष्ठ अध्यापक अभिषेक कौशिक ने किया।

## साहित्य साधना सम्मान 2024 से पुरस्कृत

**निवाई,** देववाणी संस्कृत भाषा के प्रचार-प्रसार में संलग्न चौगाई की नवोदित युवा प्रतिभा असिस्टेंट प्रोफेसर श्यामसुन्दर पारीक को श्री कल्लाजी वैदिक विश्वविद्यालय निम्बाहेडा में विधानसभा सदस्य व भूतपूर्व केबिनेट मंत्री श्रीचन्द कृपलानी व कुलपति प्रो. ताराशंकर पाण्डेय द्वारा राजस्थान के प्रथम श्रीकल्ला राठौड़ युवा साहित्य साधना सम्मान 2024 से सम्मानित किया गया है। विज्ञान भारती नई दिल्ली द्वारा सर्वश्रेष्ठ शोध-पत्र वाचन में आर्यभट्ट सम्मान से पुरस्कृत श्याम सुन्दर पारीक वनस्थली विद्यापीठ के संस्कृत, दर्शन एवं वैदिक अध्ययन विभाग में डॉ. भेषराज शर्मा के मार्गदर्शन में प्राचीन संस्कृत ग्रन्थों पर शोधकार्य कर रहे हैं। इससे पहले भी पारीक भूतपूर्व शिक्षा मंत्री व वर्तमान विधान सभाध्यक्ष अध्यक्ष वासुदेव देवनानी द्वारा पुरस्कृत हो चुके हैं। संस्कृत भाषा और वैदिक संस्कृति के मूलाधार प्राचीन मन्दिर व स्मारकों पर अनुसंधान के क्रम में पारीक ने हाल ही में निवाई के प्राचीन श्री गोपीनाथ मन्दिर पर भी एक लघु शोध पत्र सम्पादित किया हैं। प्रोफेसर श्यामसुन्दर पारीक ने सरल मानक संस्कृत कार्यशाला, संस्कृत प्रतिभा सम्मान, महिला संस्कृत शिक्षा, बालक्रीड़ा पर आधारित संस्कृत शिक्षण, रचनात्मक शिक्षण जैसी अनेक नवाचार रौचक शिक्षण गतिविधियों के माध्यम से देववाणी संस्कृत भाषा के क्षेत्र में सराहनीय कार्य किए हैं।

## संविधान दिवस पर सेमिनार का आयोजन

**बौंली-बामनवास।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सवाई माधोपुर के निर्देशानुसार 26 नवंबर को संविधान दिवस पर एसडीआर केंद्र जिला न्यायालय परिसर में सेमिनार का आयोजन किया गया। आयोजित सेमिनार की अध्यक्षता पारिवारिक न्यायालय के न्यायाधीश गिरीश कुमार अग्रवाल ने की। सेमिनार में पोक्सो न्यायालय की न्यायाधीश मीनाक्षी जैन एवं विशिष्ट न्यायाधीश एससी एसटी बंसीलाल द्वारा भारत के संविधान में मौलिक अधिकारों व कर्तव्य के संबंध में जानकारी दी।

जिला विधिक सेवा सचिव समीक्षा गौतम ने लोकतांत्रिक सिद्धांतों का सम्मान करना एवं मर्यादा बनाए रखने की प्रेरणा दी। पैनल अधिवक्ता अभय कुमार गुप्ता व दास सिंह ने भारत के संविधान पर अपने विचार रखें। सेमिनार में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट आशुतोष सिंह आढा, अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट गार्गी चौधरी, विशिष्ट न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट राजवीर कौर ने भी संविधान पर अपने विचार व्यक्त किए।

# व्यापारियों के प्रतिनिधि मंडल ने की चोरों को पकड़ने की मांग

**किशनगढ़ बास।** बीती रात्रि को मेन बाजार की दो प्रमुख दुकानों से अज्ञात चोर नगदी व छुटपुट सामान को उठा ले गए। दोनों ही दुकानों में चोरों ने दुकानों के पीछे से छत पर घुसकर अंदर प्रवेश किया और दुकान के गले में रखी नगदी को चुरा ले गए। दुकानों में चोरी की सूचना पर पुलिस ने पहुंचकर जांच की।

व्यापार महासंघ अध्यक्ष परमानंद लखयाणी ने बताया की सुबह दुकान मालिक महेश ने फोन पर सूचना दी कि

■ किशनगढ़ बास की दो दुकानों में छत से उतर कर घुसे चोर गल्ले से निकाल लें गए नगदी

दुकान के पीछे से बीती रात्रि को चोर घुसकर दुकान से नगदी व समान चोरी करके ले गए। व्यापारियों की सूचना पर व्यापार महासंघ के प्रतिनिधि थानाधिकारी जितेंद्र सिंह शेखावत से मिले और चोरों


चोरी की घटना को लेकर थाना अधिकारी से वार्ता करते प्रतिनिधि।

को पकड़ने कि मांग की।कपड़ा व्यापारी महेश पुत्र स्व सीताराम अग्रवाल ने बताया वह सुबह दुकान खोलने पहुंचा तो देखा कि दुकान के अंदर का ऊपर का दरवाजा खुला हुआ है और दुकान का गले में रखे रुपए नहीं है। गले में 1000 से 1200 थे जो चोर चोरी कर ले गए। इसी प्रकार परचून व्यापारी महेश गुप्ता पुत्र रोहताश गुप्ता नुरनगर वालों ने बताया कि दुकान खोलकर देखा तो सामान फैला हुआ मिला और दुकान का दरवाजा पीछे से खुला हुआ था चोर गले में रखें 500 से 700 रुपए ले गए।थाना प्रभारी से मिलने पहुंचे व्यापार महासंघ अध्यक्ष परमानंद लखयाणी हरमेश खुराना मदनलाल अग्रवाल विनय गोयल उर्फ टीटू जनेश भूटानी प्रभु दयाल सिंधी संतोष अग्रवाल तारा चंद बत्रा सहित व्यापारियों को थाना प्रभारी जितेंद्र सिंह शेखावत ने आश्वासन दिया कि बाजार में पुलिस गस्त बढाई जाकर चोरों को चिन्हित कर पकड़ा जाएगा।

## गौवंश अधिनियम का आरोपी गिरतार

**पावटा।** प्रागपुरा थाना पुलिस ने वांछित अपराधियों की गिरतारी हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत गौ वंश अधिनियम मे दो साल से फरार चल रहे अभियुक्त को गिरतार किया है। पुलिस अधीक्षक कोटपुतली बहरोड राजन दुष्यंत ने बताया कि जिले मे वांछित अपराधियों की गिरतारी हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान को सफल बनाने के लिए प्रभावी कार्यवाही करते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक वैभव शर्मा के निर्देशन एंव वृत्ताधिकारी वृत्त विराटनगर शिप्रा राजावत के सुपरविजन व प्रागपुरा थाना प्रभारी राजेश कुमार के नेतृत्व मे थाना प्रागपुरा पर गठित टीम ने प्रकरण मे दो साल से फरार आरोपी की हर संभावित स्थानो पर सरगर्मी से तलाश करते हुए अपनी सूझबुझ से जानकारी हासिल करते हुए पतालगाया कि आरोपी द्वारा स्कॉर्पियो गाडी पर गलत नंबर प्लेट लगाकर अपराध कारित किया था। स्कॉर्पियो गाडी के चेचिस व इंजन नंबर के आधार पर अभियुक्त अलीश खान पुत्र कल्लू खान उम्र 27 वर्ष निवासी जी-, 238 बोबे योजना पुलिस थाना महावीरन गर कोट शहर को प्रोडक्शन वारंट पर गिरतार किया गया है।

# घुमन्तु समुदाय ( विमुक्त, घुमन्तु एवं अर्द्धघुमन्तु ) सहायता शिविर आज

**कोटपूतली।** जिला कलक्टर के निर्देशानुसार 27 नवम्बर बुधवार को स्थानीय पंचायत समिति में प्रातः 09.30 से सायं 06 बजे तक घुमन्तु समुदाय (विमुक्त, घुमन्तु एवं अर्द्धघुमन्तु) सहायता शिविर का आयोजन किया जावेगा। जिसके तहत घुमन्तु समुदाय के व्यक्तियों को आवश्यक दस्तावेजों एवं अन्य बुनियादी सुविधाओं सहित राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित किया जावेगा। घुमन्तु समुदाय (विमुक्त, घुमन्तु एवं अर्द्धघुमन्तु) के आवश्यक दस्तावेज जैसे वोटर आईडी, आधार कार्ड, जनाधार कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, जाति पहचान पत्र, मूल निवास प्रमाण पत्र, राशन कार्ड आदि बनाने एवं अन्य सुविधायें उपलब्ध कराने के लिए शिविर लगाया जायेगा। शिविर में अधिकारियों को कार्य आवंटित किये गये है। जिनमें

■ पंचायत समिति कोटपूतली में प्रातः 09.30 से सायं 06 बजे तक होगा आयोजने

वोटर आईडी कार्य सहायक निर्वाचक अधिकारी तहसीलदार रामधन गुर्जर, आधार कार्ड / जनाधार कार्ड प्रोग्रामर मनोज, राशन कार्ड प्रवर्तन निरीक्षक अमित यादव, जाति प्रमाण पत्र एवं घुमन्तु पहचान प्रमाण पत्र व मूल निवास प्रमाण पत्र तहसीलदार रामधन गुर्जर, स्वास्थ्य- झुग्गी-झोपडियों में रहने का कारण त्वचा संबधी रोग, कुपोषण संबंधित समस्यायें, तत्काल चिकित्सा सहायता नहीं मिलने की समस्याओं को देखते हुये मुख्य दवाईयों के मेडिकल किट की उपलब्धता बीसीएमओ डॉ. पूरण चंद गुर्जर, उक्त समुदाय के आवासहीन व्यक्तियों को निःशुक्ल भूमि आवंटन एवं प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवंटित भूमि पर आवास की व्यवस्था हेतु आवश्यक कार्यवाही करवाना विकास अधिकारी/आयुक्त नगरपरिषद व राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न सामाजिक सुरक्षा योजना तथा पालनहार, वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, विकलांग पेंशन आदि योजनाओं में पात्रता होने पर नियमानुसार जोडना व आवेदनकर्ताओं का पंजीकरण, विभिन्न कार्य व प्रमाण-पत्र जारी करने का रिकॉर्ड निर्धारित प्रपत्र में संधारित करने का कार्य सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग उत्तरादायी होगें। उक्त शिविर के नोडल अधिकारी तहसीलदार कोटपूतली व सहायक नोडल अधिकारी विकास अधिकारी कोटपूतली रहेंगें।

## नवलपुरा ने चौमू को 70 रन से हराकर जीत हासिल की

**मनोहरपुर ।** राज नवलपुरा आरपीएल सीजन 4 प्रेजेंट में क्रिकेट एक्सपर्ट का नया चैंपियन बना कल प्रेजेंट बाय आरपीएल सीजन जो की टीम राज नवलपुरा वेयर आदिल खान की संयुक्त तत्वाधान में आयोजित हुआ था इसका समापन क्रिकेट एक्सपर्ट के डायरेक्टर आदिल खान मुख्य अतिथि रहा। व पंचायत समिति सदस्य बनवारी लाल यादव तथा सीता देवी सरपंच नवलपुरा की अध्यक्षता में कार्यक्रम का समापन हुआ टीम राज नवलपुरा आईकेएम के कप्तान राज यादव ने ठोस जीतकर पहले बल्लेबाजी चुनी, राज नवलपुरा ने चोमू को 70 रन से हराकर चैंपियन बना राज नवलपुरा टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 170 रन बनाए जवाब में चोमू टीम 98 रन बनाकर के आउट हो गई नेम सिसोदिया व करण सिंह ने राज नवलपुरा की ओर से अर्धशतकीय पारी खेली आयोजक राज यादव जिला उपाध्यक्ष भाजपा युवा मोर्चा ने सभी अतिथियों का सम्मान किया और इस मौके पर राज यादव ने आदिल खान का विशेष आभार प्रकट किया कि इस टूर्नामेंट में संपूर्ण रूप से प्रमुखता से उन्होंने टूर्नामेंट को सफल बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई इस मौके पर आदिल खान ने युवाओं को खेल के प्रति सटकता से आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया व राज यादव के साथ भविष्य में कंधे से कंधे मिलाकर के काम करने का वादा किया इस मौके पर बनवारी लाल यादव ने भी सभी खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन किया अंत में स्थानीय ग्राम पंचायत के सरपंच सीता देवी ने सभी अतिथियों का बार-बार सम्मान प्रकट करते हुए इस टूर्नामेंट में आदिल खान फेंटेसी एक्सपर्ट एचडी ग्रुप वह स्काई बोर्ड एनर्जी ग्रुप ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई साथी श्री श्याम डीजे साउंड के मालिक सुभाष यादव श्री शक्ति टेंट हाउस के मालिक मोहन यादव का भी सम्मान किया।

# सदस्यता अभियान को लेकर हुई बैठक, 50 सक्रिय सदस्यों के फॉर्म प्रभारी को सौंपे

**किशनगढ़ बास।** संगठन सदस्यता पर्व अभियान के अंतर्गत भारतीय जनता पार्टी किशनगढ़ बास मंडल की बैठक अनाज मंडी स्थित भाजपा कार्यालय पर आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष उमेश वशिष्ठ ने की एवं विशिष्ट अतिथि सदस्यता अभियान के विधानसभा प्रभारी अनूप यादव रहे।

मंडल महामंत्री मनोज मित्तल ने बताया कि सदस्यता अभियान के अंतर्गत किशनगढ़ बास मंडल में बैठक का आयोजन किया गया। किशनगढ़ बास मंडल के 50 सक्रिय सदस्यों के फॉर्म विधानसभा प्रभारी अनूप यादव को सौंपे गए।

बैठक के अंतर्गत सदस्यता अभियान के विधानसभा प्रभारी अनूप यादव ने भाजपा किशनगढ़ बास मंडल के सदस्यों को संबोधित किया एवं किशनगढ़बास मंडल को सदस्यता


प्रभारी को सक्रिय सदस्यता फॉर्म सौंपते भाजपा संगठन पदाधिकारी।

अभियान में सर्वप्रथम कार्य करने पर बधाई दी। बैठक के बाद संविधान दिवस के अवसर पर बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के प्रतिमा पर पुष्पांजलि की गई और संविधान दिवस मनाया गया।

इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष

■ सदस्यता अभियान में किशनगढ़ बास के प्रथम आने पर कार्यकर्ताओं को दी बधाई

राजेश बटवाड़ा, जिला मंत्री आशा गुप्ता, महामंत्री जय सिंह सरदार,महामंत्री मनोज मित्तल,एसटी मोर्चा अध्यक्ष रामसिंह परमार, ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष शिवहरी गुर्जर, ,प्रकाश प्रजापत, जगदीश यादव, मंडल उपाध्यक्ष जसवंत यादव, युवा मोर्चा महामंत्री हीरु हरवानी, सौदान सैनी, कालू राम यादव, सुरेश भेड़ी,गिर्राज गुर्जर ,निहालचंद, एम पी एस रामस्वरूप, विनोद मिश्रा , रामसुगन गुर्जर, युवा मोर्चा अध्यक्ष तेजसिंह सैनी, निरंजन लाल सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## सार-समाचार

### टूटी नालियों से परेशान वार्डवासी

**पावटा।** नगरपालिका पावटा प्रागपुरा की अनदेखी के कारण पिछले काफी समय से टूटी व चोक पडी नालियों के कारण स्थानीय लोगों को परेशानी का सामना करना पड रहा है। पावटा कस्बे के अंतर्गत आने वाले सीसी रोड को बने कई साल बीत गए है। इसके कारण सीसी रोड कई जगह से जर्जर हो गई। सडक निर्माण के समय बनाई गई नालियां टूट गई हैं। इस कारण वार्डवासियों व वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड रहा है। जर्जर रोड और टूटी नालियों को दुरुस्त कराने के लिए क्षेत्रीय लोग कई बार नगरपालिका के अधिकारियों से शिकायत कर चुके हैं, परंतु अभी तक न तो सीसी रोड का निर्माण कराया गया है और न ही नालियां बनवाई गई हैं। कई जगह नालियां टूटी हुई हैं तो कई जगह गंदगी से नालिया चोक है। जिनसे गंदा पानी सडकों पर बह रहा है। पावटा कस्बे के कई वार्डो मे पालिका द्वारा मिलने वाली सुविधाएं अभी भी नदारद हैं। क्षेत्र की सबसे बडी समस्या नालियों की साफ-सफाई और टूटी नालियों की है। कई महीनों से सफाई न होने के कारण इससे उठने वाली बदबू से वार्ड के लोग परेशान हैं।वार्डवासियों की मानें तो खुद ही नालियों की सफाई करते हैं। इसके अलावा वार्डवासी कई बार टूटी नालियों की सफाई और मरमत की मांग पार्षद सहित अन्य जनप्रतिनिधियों से कर चुके हैं, लेकिन कोई सुध नही लेता। आज तक किसी ने भी समस्या को हल करने की कोशिश नहीं की।-उल्लेखनीय है कि नगरपालिका की अनदेखी के कारण कस्बे के लगभग अधिकतर वार्डों में बनी सीसी रोड खस्ता हालत में हैं और नालियां टूटी पडी हैं। वाहनों के आवागमन के कारण नालियां गड्ढे में तब्दील हो गई हैं। नालियां गहरी और चौडी होने के कारण बुजुर्ग और महिलाओं को निकलने में परेशानी हो रही है, वहीं वाहन चालकों की बाइकें नालियों में फंसकर गिर रही हैं। इससे वाहन चालक चोटिल हो रहे हैं।

### ज्ञापन सौंपा

**नारायणपुर ।** उपखंड क्षेत्र के गांव कानपुरा में एसबीआई ग्राहक सेवा केन्द्र के संचालक के साथ 7 दिन पहले हुई लूट की घटना का पुलिस द्वारा आजतक खुलासा नहीं किए जाने पर मंगलवार को आक्रोशित ग्रामीणों ने तहसीलदार को उपखंड अधिकारी के नाम ज्ञापन देकर शीघ्र लूट की घटना का खुलासा करने की मांग की हैं। ग्रामीणों ने बताया कि 19 नवंबर को रात 9.20 पर बाइक पर सवार होकर आए दो नकाबपोश बदमाशों ने एसबीआई ग्राहक सेवा केन्द्र संचालक नंदूराम सैनी पर चाकू से वार कर 3.17 लाख रुपए की नगदी लूटकर ले गए थे। जिससे लोगों में रोष बना हुआ है। ग्रामीणों ने बताया कि पुलिस द्वारा जल्दी ही लूट की घटना का खुलासा नहीं किया गया तो समस्त ई-मित्र संचालक और बैंकिंग क्षेत्र के ग्राहक सेवा केंद्र संचालकों द्वारा कार्य बहिष्कार कर ग्रामीणों के साथ 28 नवंबर को पुलिस प्रशासन के खिलाफ धरना प्रदर्शन किया जायेगा। इस मौके पर कानपुरा लॉज सरपंच लोकेश रैया, रामकिशन बाज्या, शिवराम सैनी, छाजूराम सैनी, राकेश दायमा, दिनेश सैनी, मिठ्ठन लाल, मंगलराम, नाथूराम, दशरथ सिंह, कैलाश जाट, मनोहर सैनी, मुकेश मीणा, रोहिताश सिंह सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

### प्रश्नोत्तरी व वाद - विवाद प्रतियोगिता हुई

**दूदू ।** संविधान दिवस (26 नवम्बर 2024) के अवसर पर मंगलवार को जिला प्रशासन व सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग के संयुक्त तत्वावधान में संगोष्ठी और प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भारतीय संविधान के महत्व पर वक्ताओ ने प्रकाश डाला। इस दौरान संविधान के बारे में विद्यार्थियों को जागरूक करने के लिए प्रश्नोत्तरी व वाद - विवाद प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया संविधान दिवस के अवसर पर जिला मुख्यालय स्थित रूरल पब्लिक स्कूल में संगोष्ठी का आयोजन किया गया । इस अवसर पर अतिरिक्त जिला कलक्टर गोपाल परिहार ने आव्हान किया कि प्रत्येक देशवासी को भारतीय संविधान के प्रति जागरूक रहना चाहिए। जिला शिक्षा अधिकारी रेणु तँवर ने कहा कि भारतीय संविधान में दर्शाये गये अधिकारों के साथ-साथ कर्तव्यों के प्रति भी प्रत्येक नागरिक को जागरूक रहना चाहिए । इस दौरान सूचना एवं जनसंपर्क कार्यालय के सहायक जनसम्पर्क अधिकारी अभिमन्यु सिंह ने संविधान दिवस की शुभकामनाएं देते हुए बताया कि भारतीय संविधान हमें स्वतंत्रता, समानता के अधिकार प्रदान कर प्रत्येक नागरिक को सशक्त बनाने के साथ - साथ गरिमापूर्ण जीवन जीने की शक्ति देता है । इस अवसर पर विद्यालय में भारतीय संविधान पर आधारित वाद - विवाद और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता भी आयोजित की गई ।

### रजवास में मनाया संविधान दिवस

**निवाई।** ग्राम पंचायत रजवास में स्थित भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केंद्र में मंगलवार को संविधान दिवस मनाया गया। सरपंच कानाराम जाट ने डॉ. भीमराव अंबेडकर व राष्ट्रिपता महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की। ग्राम विकास अधिकारी विनोदकुमार परिडवाल ने बताया कि भारत में संविधान दिवस 26 नवंबर को मनाया जाता है। यह दिन इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि 1949 में इसी दिन हमारे देश ने अपना संविधान अपनाया था। डॉ. भीमराव अंबेडकर की 125वीं जयंती पर 2015 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संविधान दिवस मनाने की शुरुआत की थी। इसका उद्देश्य नागरिकों में संवैधानिक मूल्यों के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। इस अवसर पर संविधान सभा का आयोजन किया गया जिसमें गरीबों के उत्थान के लिए लोगों से चर्चा कर संगोष्ठी की गई। इस अवसर पर कनिष्ठ सहायक नंदकिशोर बैरवा, ई मित्र संचालक किशन चौधरी, आशा सहयोगी सुनीता गुर्जर, अनीता मीणा, सुनीता बंसीवाल व गीता देवी शर्मा आदि मौजूद थे।

### बास्केटबॉल प्रतियोगिता के लिए रवाना

**अलवर।** अंतर विश्वविद्यालय वेस्ट जोन बास्केटबॉल महिला वर्ग की प्रतियोगिता दिनांक 26 से 29 नवंबर तक आई.एम.टी. विश्वविद्यालय, ग्वालियर में आयोजित की जा रही है। इस प्रतियोगिता में राज ऋषि विश्वविद्यालय की 12 महिला खिलाडियों की टीम प्रतियोगिता स्थल में भाग लेने के लिए रवाना हुई हैं। प्रतियोगिता में भाग लेने वाली महिला टीम का प्रशिक्षण शिविर 21 नवंबर से जी.डी. कॉलेज, अलवर पर लगाया गया था। विश्वविद्यालय की महिला टीम की कोच पायल सैनी द्वारा खिलाड़ियों को नवीनतम तकनीक द्वारा प्रशिक्षित किया गया। कोच पायल सैनी ने बताया कि आई.एम.टी. यूनिवर्सिटी, ग्वालियर में दिविशा सिंह टीम कप्तान जेसिका योगी, करिश्मा नेगी, प्रिंस यादव, पलक शेखावत, हर्षित शर्मा, चेल्सी खंडेलवाल, पायल जोशी, संजू गुर्जर, तन्वी कँवर, सोनिया शर्मा ओर साक्षी कुल 12 महिला खिलाड़ी शामिल है। इन सभी खिलाडियों को आज रेलवे स्टेशन पर नेक कमाई के फाउंडर दौलत राम हजरती, सूबेदार मंगेज सिंह, संजय खंडेलवाल, संजीव गुप्ता, संतराम यादव, संजय शर्मा, बाबूलाल शर्मा, स्नेहा खंडेलवाल, विशाल सिंह व खेल प्रेमियों द्वारा खिलाडियों को शुभकामना देकर अच्छे से खेलने के लिए प्रोत्साहन दिया गया ।

### कलेक्ट्रेट में प्रस्तावना का वाचन

**टोंक।** संविधान दिवस पर जिला प्रशासन द्वारा विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। कलेक्ट्रेट में अतिरिक्त जिला कलेक्टर रामरतन सौकरिया ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ संविधान के प्रस्तावना का वाचन किया। इसी के तहत सूचना एवं जनसंपर्क कार्यालय में संविधान पर आधारित प्रदर्शनी एवं संगोष्ठी का आयोजन हुआ। इस दौरान पीआरओ अपूर्व शर्मा ने संविधान की मूल भावना पर प्रकाश डाला, साथ ही, कहा कि विद्यार्थियों को भारत के संविधान का गहराई से अध्ययन करना चाहिए। भारतीय संविधान में अधिकारों के साथ-साथ कर्तव्यों के प्रति भी प्रत्येक नागरिक को जागरूक रहना चाहिए। भारत का संविधान दुनिया में सबसे बड़ा लिखित संविधान है। वरिष्ठ पत्रकार भगवान सहाय शर्मा ने भारत के संविधान की विशेषताओं पर अपने विचार व्यक्त किए। वरिष्ठ पत्रकार विनोद शर्मा ने कहा कि संविधान दिवस हमारे लोकतांत्रिक मूल्यों को याद करने और संविधान की मूल अवधारणाओं का प्रसार करने का अवसर है। संविधान दिवस पर सूचना एवं जनसंपर्क कार्यालय में लगाई गई प्रदर्शनी का विद्यालयों के विद्यार्थियों ने अवलोकन किया। इस दौरान विद्यार्थियों ने संविधान निर्माण से संबंधित सवाल-जवाब भी किए। विद्यार्थियों के साथ आए शिक्षकों ने भारत के संविधान के बारे में छात्र-छात्राओं को विस्तार से जानकारी दी।

### दो डम्पर व एक ट्रैक्टर-ट्रोली जब्त

**टोंक।** जिला पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान द्वारा चलाये जा रहे अभियान अवैध बजरी, पत्थर खनन/परिवहन की रोकथाम हेतु उनके निर्देशन में पुलिस थाना बरोनी व पीपलू द्वारा कार्यवाही को अंजाम दिया गया। थाना पीपलू प्रभारी राजेन्द्र ताडा ने बताया कि ग्राम गाता किशनपुरा रोड पर मुण्डिया तिराहे पर अवैध बजरी परिवहन करते हुये करीब 25 टन अवैध बजरी से भरा हुआ एक डम्पर नम्बर को जब्त किया ।